एक नजर में

गोघटपुर जनशिक्षा केन्द्र में संकुल स्तरीय बैठक

जीरापुर 18 जुलाई, सं. जनशिक्षा केंद्र गोघटपुर में संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में बीआरसी ने वर्चुअल बैठक में अपने विचार एवं जानकारी दी. कक्षा 01 में नामांकन कार्य 100 प्रतिशत पूरा करने पर संकुल प्राचार्य, जनशिक्षक, प्रधानाध्यापक कि सराहना की. अपार आईडी बनाने में आ रही समस्याओं के विषय में बताया. पुस्तक वितरण बुनियादी साक्षरता तथा संख्या ज्ञान कक्षा 1 व 2 के बारे में भी विस्तार से चर्चा की. उक्त बैठक में संकुल प्राचार्य गोविंदसिंह चौहान, जनशिक्षक प्रेम सिंह वर्मा, संजय कुमार मण्डलोई, कंप्यूटर ऑपरेटर मुकेश दांगी उपस्थित रहे.

अंधेरे में डूबा एनएच का पुल, 5 दिन से बत्ती गुल

पडाना 18 जुलाई, सं. छपरा टोल अंतर्गत ग्राम मऊ में नेशनल हाईवे पर बने पुल और सर्विस रोड की लाइटें पिछले 5 दिनों से बंद हैं. इससे रात में यहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय निवासियों हरि ओम पुष्पद लोकेंद्र राठौर अशोक राठौड़ रफीक पठान अकरम खान राजेश जायसवाल सुनील जायसवाल इत्यादि के अनुसार पुल के दोनों तरफ लगे विद्युत लैंप कि विगत पांच दिनों से लाइट बंद है. अंधेरे के कारण तेज रफ्तार वाहनों और मवेशियों के अचानक सामने आने से हादसे की संभावना बनी हुई है. ग्रामीणों ने टोल कंपनी और विद्युत विभाग से शीघ्र लाइट ठीक कराने की मांग की है.

पडाना स्कूल में चला नशे के विरुद्ध अभियान

पडाना 18 जुलाई, सं. मुख्यमंत्री एवं राज्य मंत्री के आह्वान पर नशे के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान के तहत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेंटवाल व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हुए थे. उनका संदेश एवं निर्देश स्थानीय प्रशासन के माध्यम से कार्यक्रम में पढ़कर सुनाया गया. शुरुआत प्रभात फेरी से हुई. छात्र-छात्राओं ने नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो के नारे लगाते हुए पूरे क्षेत्र में रैली निकाली. सभा को संबोधित करते हुए चौकी प्रभारी भंवर सिंह भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्री के निर्देश हैं कि हर स्कूल को नशा मुक्त जोन बनाया जाए. नशे के कारोबारियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है. बच्चों से अपील है कि वे इस बुराई से दूर रहें और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें. कार्यक्रम में नशा मुक्ति शपथ, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. अंत में सभी उपस्थितजनों ने नशे के खिलाफ संकल्प लिया. इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षकगण, पुलिस स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे.

भूमि बेचना है
नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है. सरेड़ी पटवारी
सम्पर्क करें : 9424406947
बिल : 09 अगस्त

10 दिन से बारिश पर ब्रेक, खतरे में खेती

भारी उमस और गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं, सर्वाधिक संकट में अन्नदाता

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 18 जुलाई, का. बारिश को ब्रेक लगे हुए शनिवार 10 दिन पूरे हो चुके है. भारी उमस और गर्मी से लोग बेहाल हो रहे है. इंद्रदेव मानों रूठ गए है और सर्वाधिक संकट में अन्नदाता किसान नजर आ रहा है. बारिश पर ब्रेक लगा हुआ है. जिले में बीते 8 जुलाई को बारिश हुई थी इसके बाद से अब तक केवल बादल ही नजर आ रहे है. बारिश की खेंच से सर्वाधिक परेशानियां किसानों को होने वाली है. किसान कम और अनियमित बारिश के बावजूद रिस्क लेकर बोवनी कर चुका है. लेकिन अब बारिश के ब्रेक के कारण यह रिस्क उसे भारी पड़ती नजर आ रही है.

खेतों में मिट्टी सूखने लगी है. किसान कुलपे चलाकर पटली कर चुका है लेकिन पहले से



खेतों में पर्याप्त नमीं नहीं पहुंच पाई थी. अब पानी की खेंच, उमस और खेतों की सूखती मिट्टी के कारण सोयाबीन की फसल संकट में घिरती नजर आ रही है.

जानकारी के अनुसार जिले के कई हिस्सों में खेतों में मिट्टी नमीं खो चुकी है और सोयाबीन के पौधों के पास खतों की मिट्टी पपड़ी छोड़ती नजर आ रही है. किसान अब अपनी फसलों को लेकिन चिंता में है. संभवत: यदि बरसात नहीं होती है तो दोबारा बोवनी का संकट किसानों को झेलना पड़ सकता है. बीते दिनों टोकन सिस्टम से महंगा खाद और यूरिया बमुश्किल खरीदने वाले किसानों के सामने सबसे बड़ा सवार जिले में खाद की प्रचुर उपलब्धता को लेकर है. यदि बारिश नहीं होती है और सोयाबीन के पौधे सूख जाते है तो किसानों को बीज के अलावा दोबारा बोवनी के लिए यूरिया और खाद की सर्वाधिक आवश्यकता होगी. पहले से लागत की मार झेलने वाले किसानों को अब संशय इस बात का भी है कि क्या यूरिया और खाद पूर्व की तरह उपलब्ध होगा और होगा तो किस परिस्थिति और दामों में होगा. किसानों के सामने दोहरी आर्थिक मार का खतरा है.

बारिश के लिए भजन-कीर्तन का दौर शुरू

सूखे को देखते हुए ग्रामीण अंचल की किसान परिवारों की महिलाएं चिंतित हो उठी हैं. अच्छी बारिश की कामना को लेकर गांवों में भक्ति भाव से भजन-कीर्तन का दौर शुरू हो गया है. इसी कड़ी में पडाना के परमार मोहल्ले में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में 12 घंटे की सप्ताजी का आयोजन किया गया. इस मौके पर श्याम सक्सेना, उषा किरण सक्सेना, सावित्रीबाई, शीला सक्सेना, शगुनबाई, सुमित्रा सक्सेना, लक्ष्मीबाई, द्वारकाबाई, भूरीबाई, राममूर्ति, ममताबाई, द्वारकाबाई, दीपिका परमार, ललिता सेन, रेखाबाई, पवित्रा बाई इत्यादि महिलाओं ने सामूहिक रूप से ईश्वर से अच्छी बारिश कामना कर फसल बचाने की प्रार्थना की.

चाय की गुमठी में लगी आग

नवभारत न्यूज

सुठालिया 18 जुलाई, सं. गिन्दोरहाट तिराहे पर बीती रात करीब 8 बजे एक चाय की गुमठी में भीषण आग लग गई. इस हादसे में दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई. जिससे दुकानदार को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है. फरियादी ने कुछ लोगों पर जमीनी विवाद के चलते जानबूझकर आग लगाने का शक जताया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के अनुसार यह घटना रात करीब 8 बजे गिन्दोरहाट तिराहे की है, जहां प्रेम सिंह यादव की चाय की गुमठी (दुकान) स्थित है. देखते ही देखते दुकान से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं. अचानक आग भड़कने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने तुरंत अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया और पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचित किया. सूचना मिलते ही सुठालिया थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची. दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था.

पीडित प्रेम सिंह यादव का आरोप है कि उनका कुछ लोगों के साथ जमीनी विवाद चल रहा है. उन्हें पूरा अंदेशा है कि इसी रंजिश के चलते उनकी दुकान को आग के हवाले किया गया है. दुकान जलने से उन्हें लाखों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है. सुठालिया पुलिस ने फरियादी की शिकायत और बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है.

पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से बारीकी से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों का पता लगा लिया जाएगा.

छात्रों को ठूंस-ठूंस कर ले जा रहे स्कूली वाहन पर कार्यवाही

नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 18 जुलाई, सं. बच्चों की सुरक्षा को ताक पर रखकर क्षमता से अधिक छात्र-छात्राओं को ठूंस-ठूंस कर ले जा रहे एक स्कूल वाहन पर छापीहेड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. शुक्रवार को थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक स्कूल मैजिक वाहन में क्षमता से तीन गुना से भी ज्यादा बच्चे बैठे पाए गए. पुलिस ने वाहन को रोककर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की है.

थाना छापीहेड़ा पुलिस द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा के लिहाज से वाहनों की धरपकड़ और चेकिंग की जा रही थी. इसी दौरान मां सरस्वती एकेडमी छापीहेड़ा का एक स्कूल वाहन (मैजिक) जिसका नंबर स्क्क 39 ञ्ज 1191 है, उसे जांच के लिए रोका गया. कागजों में इस मैजिक वाहन की वैध बैठक क्षमता चालक सहित केवल 7+1 पास है. जब पुलिस ने वाहन के अंदर देखा तो नियम-कायदों और मासूमों की सुरक्षा की धज्जियां उड़ती मिलीं. इस 8 सीटर वाहन में क्षमता से कहीं अधिक 25 बच्चे ठूंस-ठूंस कर बैठाए गए थे.

पुलिस ने तत्काल वाहन को रोककर बच्चों की सुरक्षा के संबंध में पूछताछ की और वाहन चालक के खिलाफ वैधानिक कदम उठाए.

पुलिस ने मैजिक चालक चंद्र सिंह (पिता नारायण वर्मा, निवासी खाता खेड़ी) के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/194 और 66/192 के तहत उचित वैधानिक कार्रवाई करते हुए इस्तगासा (चालान) तैयार किया है. इस मामले को अब आगामी

कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा.

अग्निवीर भर्ती रैली 11 अक्टूबर को सागर में

राजगढ़ 17 जुलाई, का. सेना द्वारा 01 जून से 12 जून, 2026 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था. सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का परिणाम 12 जुलाई को जॉइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है. ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता में भाग ले सकेंगे.

खुद फरियादी बहन ने की थी मुंहबोले भाई की हत्या

फरियादी महिला ही निकली कातिल

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 18 जुलाई, सं. बहुचर्चित उदनखेड़ी ढाबा हत्याकांड में करीब दो साल बाद अदालत ने फैसला सुनाया है. जिस महिला ने अपने राखीबंध भाई की हत्या का आरोप तीन अनजान बदमाशों पर मढ़ा था, पुलिस जांच में वही कातिल निकली.

द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश तरुण सिंह की कोर्ट ने आरोपी महिला को हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है. इस मामले में शासन की ओर से कोर्ट में मजबूत पैरवी एडिशनल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर बृजकिशोर चौहान ने की. फरियादी ने लिखी की कत्ल की झूठी स्क्रिप्ट अदालत में पेश किए गए सबूतों के मुताबिक, यह वारदात 19 फरवरी 2024 की रात उदनखेड़ी टोल टैक्स के पास स्थित एक चाय-नाश्ते और पंचर की दुकान पर हुई थी. यहां छगन शर्मा नाम के शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी. घटना के बाद शिकायतकर्ता महिला शारदा बाई ने पुलिस को गुमराह करते हुए बताया था कि कार से आए तीन अनजान लड़कों ने दुकान पर झगड़ा किया और उसके राखीबंध भाई छगन शर्मा पर चाकू से हमला कर भाग गए. शारदा के इसी बयान पर पुलिस ने शुरू में अनजान आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की थी. लेडी इंस्पेक्टर को हुआ शक, तो खुली पोलमामले की जांच के दौरान तत्कालीन जांच अधिकारी इंस्पेक्टर आकांक्षा शर्मा को महिला की बताई कहानी पर शक हुआ। पुलिस ने जब मोबाइल लोकेशन, वैज्ञानिक और तकनीकी सबूतों के साथ घटनास्थल की बारीकी से जांच की, तो परतें खुलती चली गईं. पुलिस ने पुख्ता सबूत जुटाकर कोर्ट में पेश की. अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद शारदा बाई को हत्या की धारा (302) के तहत उम्रकैद और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई.

कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन प्रारंभ

राजगढ़ 18 जुलाई, का. उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा किसान भाईयो से अपील की है कि कृषि विभाग की पी.डी.एम.सी. प्रेशराइज्ड सिंचाई परियोजना अन्तर्गत स्प्रिंकलर सेट, मिनी स्प्रिंकलर एवं ड्रिप कृषि सिंचाई उपकरणो पर अनुदान प्राप्त करने हेतु ई कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे. प्राप्त आवेदनों में से लक्ष्यों के विरूद्ध ऑनलाइन लॉटरी सम्पादित की जाएगी. पंजीयन कराने हेतु किसान का फार्मर आई.डी., आधार कार्ड, जमीन सम्बंधित दस्तावेज एवं मोबाइल नम्बर लेकर नजदीकी कामन सर्विस सेन्टर एवं ऑनलाईन कम्प्यूटर सेटर पर जाकर ऑन लाईन आवेदन किया जा सकता है.

निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 18 जुलाई, सं. नगर के निजी विद्यालयों में पुस्तकों, यूनिफॉर्म, फीस वृद्धि एवं ट्रांसफर सर्टिफिकेट शुल्क को लेकर एबीवीपी ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है.

ज्ञापन में बताया गया कि निजी विद्यालयों द्वारा पुस्तकों और ड्रेस की बिक्री सीमित दुकानों से कराई जा रही ह. जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है. छात्र नेताओं ने पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म नगर की विभिन्न दुकानों पर उपलब्ध कराई जाने की मांग की है. वही उन्होंने निजी विद्यालयों द्वारा की गई फीस वृद्धि की निष्पक्ष जांच कर मनमानी पर रोक लगाने तथा टीसी जारी करने के नाम पर लिए जा रहे अतिरिक्त शुल्क पर भी तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है. नगर मंत्री भूपेंद्र गुर्जर ने जल्द ही मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है.

निजी स्कूलों में फीस वृद्धि की हो जांच

नया शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही निजी स्कूलों ने ट्यूशन फीस, डिजिटल क्लास, स्पोर्ट्स और अन्य मदों के नाम पर फीस में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी है. आर्थिक मंदी और महंगाई के इस दौर में निजी स्कूलों की यह मनमानी मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों की जेब पर भारी पड़ रही है. शासन के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद कई निजी शिक्षण संस्थान नियमों का उल्लंघन कर हर साल 10 से 20 प्रतिशत तक फीस बढ़ा रहे है.

किताब-यूनिफॉर्म का कमीशन तंत्र फीस वृद्धि के साथ-साथ निजी स्कूलों ने चुनिंदा दुकानों से ही महंगी किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव बना रखा है, जिससे आम जनता पर चौतरफा मार पड़ रही है. इस मामले में जागरूक नागरिकों और पालक संघों का कहना है कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को निजी स्कूलों के खातों और फीस स्ट्रक्चर की औचक जांच करनी चाहिए. नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द करने जैसी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि शिक्षा के नाम पर चल रही इस लूट पर लगाम कसी जा सके.

स्कूल में फंदे पर लटकी मिली नाबालिग

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 18 जुलाई, का. देहात थाना क्षेत्र के लसूडिया गुर्जर गांव में गुरुवार रात एक 14 वर्षीय छात्रा अपने पिता के स्कूल के कमरे में फंदे पर लटकी मिली. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जरूरी कार्रवाई शुरू की.

पुलिस के अनुसार, छात्रा के पिता गांव में एक निजी स्कूल संचालित करते हैं और उनका परिवार स्कूल परिसर में ही रहता है. गुरुवार रात करीब 9 बजे परिवार के लोगों ने छात्रा को फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया. शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. देहात पुलिस के हेड कांस्टेबल मोहन जैतवार ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है. फिलहाल घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है.

किसान कांग्रेस ने पुतला दहन करने की कोशिश की

पुलिस के छीनने पर तितर बितर हुआ पुतला

नवभारत न्यूज

जीरापुर 18 जुलाई, सं. किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं मांग को लेकर मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला किसान कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा नगर के इंदर चौराहा पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री मोहन यादव, कृषि मंत्री इंदल सिंह कंसाना का विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन करने का प्रयास किया. लेकिन पुलिस ने पुतला दहन करने से पहले पुतला छिना जो तितर बितर हो गया.

जहां पर कांग्रेस ने विभिन्न मांगों का उल्लेख करते हुए कहा कि ए टोकन व्यवस्था से मुक्ति एवं मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी की जाएं. किसानों को समय पर खाद उपलब्ध पारदर्शिता से किया जाए.

जहां पर ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सिंह राजहेड़ी, वरिष्ठ नेता मोहन सिंह पवांर अमलाबे, जिला उपाध्यक्ष गिर्राज सिंह खींची, जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर लिम्बोदा, सत्यनारायण सरावत, माचलपुर ब्लॉक अध्यक्ष यशवंतसिंह गुर्जर, जनपद सदस्य शिवनारायण गुर्जर मुंडी, राजाराम पाटीदार, चंदरसिंह पटेल, बहादुर सिंह पोलखेड़ा, शिव सिंह पटेल, भगवानसिंह मालवीय अनुसूचित जाति जिला उपाध्यक्ष, गोकुल वर्मा, निरंजन टेलर, गिरीश भावसार, जीवन गुप्ता, कालू वर्मा, श्याम किरण, मुकेश राठौर, गिरिराज पाटीदार सहित समस्त ब्लॉक जीरापुर के किसान बंधु एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

पौधारोपण राज्यमंत्री पंवार ने कहा प्रत्येक नागरिक 50 पेड़ लगाए तथा उनके बड़े होने तक देखभाल भी करें

पशुपतिनाथ की पूजा कर घुरेल पहाड़ी पर रोपे 300 पौधे

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 18 जुलाई, का. राजगढ़ जिले के ब्यावरा में शनिवार को एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विधानसभा क्षेत्र की घुरेल पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध भगवान पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में स्थानीय प्रशासन और वन विभाग ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रजातियों के लगभग 300 पौधे रोपे.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने सर्वप्रथम भगवान पशुपतिनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की. इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में कदंब का पौधा रोपकर अभियान की शुरुआत की. इस दौरान मंदिर परिसर और

उसके आसपास की पहाड़ी पर विभिन्न प्रजातियों के लगभग 300 पौधे रोपे गए. इन पौधों में मुख्य रूप से नीम, पीपल, आम, पारस पीपल और अन्य फलदार व छायादार पेड़ शामिल रहे.

घुरेल पहाड़ी को बताया आस्था और प्रकृति का केंद्र - पंवार ने घुरेल पहाड़ी स्थित भगवान पशुपतिनाथ मंदिर को ब्यावरा क्षेत्र की आस्था और पहचान का एक बड़ा केंद्र बताया. उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल का संरक्षण और सौंदर्यीकरण करना पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है. उन्हें पूरा विश्वास है कि यह पहाड़ी क्षेत्र धार्मिक आस्था के साथ-साथ आने वाले समय में प्रकृति संरक्षण का भी एक बड़ा प्रेरणास्त्रोत बनेगा. कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव और जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने भी उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया और पर्यावरण व वृक्षारोपण के महत्व पर अपने विचार साझा किए. इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह सहित वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे.

आने वाली पीढ़ी के लिए पेड़ लगाना जिम्मेदारी

राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि पेड़ लगाना केवल पर्यावरण की रक्षा करना नहीं है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी भी है. उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित प्रत्येक नागरिक से अपने जीवनकाल में कम से कम 50 पौधे लगाने और उनका पूर्ण संरक्षण करने का संकल्प लेने का आह्वान किया. उन्होंने जोर देकर कहा कि वृक्षारोपण तभी सार्थक होगा जब हम इन पौधों की नियमित रूप से देखभाल और सुरक्षा करेंगे.